तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025



13 आदि कर्मयोगी अभियान में विलेज विजन कार्य योजना का वाचन ...



14 सांसद विजय बघेल ने किया नवीन विश्राम गृह का ...






## खबर संक्षेप

### भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का आज नगर आगमन



**बालोद**। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े का प्रथम आगमन जिला बालोद में होगा। वे मां गंगा मईया की पूजा अर्चना कर अन्य कार्यक्रमों मे सम्मिलित होंगे। जिला भाजपा द्वारा 8 अक्टूबर को भाजपा जिला कार्यालय जुंगेरा बालोद में अभिनंदन समारोह का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया गया है।

### दो युवकों ने पड़ोसी महिला की पिटाई की

**बालोद**। घर में कंघी कर रही महिला के साथ पड़ोसी ने गाली गलौज करने के बाद मारपीट कर दी, जिसके बाद महिला घायल हो गई। जहां पीड़ित महिला ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम खैरा निवासी राम बाई सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 6 अक्टूबर को करीबन 12 बजे दिन में वह अपने घर के बाहर आंगन में कंघी कर रही थी, उसी समय मेरे पड़ोस में रहने वाले गोविंद यादव व उसका दोस्त जिसे मैं नहीं जानती, दोनों गाली गलौज करते हुए मेरे मुंह को दबा दिया, जहां चिल्लाने पर मेरे सिर को घर की सीढ़ी में ठोकर लगा दिया। जिससे सिर से खून निकलने लगा। मारपीट करने से मेरे सिर के दाहिना माथा व सिर के पीछे चोंट पहुंची हैं। मेरे चिल्लाने पर पड़ोसी नोहर देवांगन दौड़ा और मोबाइल से मेरे लड़के गिरधर सिन्हा को फोन पर घटना की जानकारी दी।

### बाड़ी दरवाजे के विवाद में दो पड़ोसी आपस में भिड़े, अपराध दर्ज

**बालोद**। बाड़ी का दरवाजा खुला करने के नाम पर दो पड़ोसियों में गाली गलौज व मारपीट की नौबत आ गई, इसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अपने पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है, जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जवाहरपारा बालोद निवासी मूल शंकर धुर्वे ने पुलिस को बताया कि 6 अक्टूबर को दोपहर करीबन 3.30 बजे वह अपने घर की साफ सफाई कर नहाने के लिये घर के पीछे बाड़ी में गया तो देखा कि कोई बाड़ी का रूंधना खोल दिया था। इस संबंध में मैं अपनी पत्नी से बाड़ी का घेरा खोलने के बारे में पूछताछ कर रहा था, इसी बीच पड़ोस में रहने वाली रानी गौर (सबनम) आई और मेरे बच्चों पर क्यों चिल्ला रहे हो कहते हुए गाली गलौज कर अपने साथ लाये प्लास्टिक का बेट से मारपीट करने लगी, मारपीट करने से मेरे गाल व पसली में चोट पहुंची है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

### सुने मकान में चोरी, सोना-चांदी और नकदी पार

**बालोद**। खेत गए किसान के घर अज्ञात चोरों ने दिन दहाड़े ताला तोड़ कर लाखों के सोना-चांदी व नगदी पार कर दिये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम परसदा चिचबोड़ बाट थाना रनचिरई निवासी नोखेलाल पिता स्व. शिवप्रसाद साहू 53 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 6 अक्टूबर के सुबह 10 बजे मैं और मेरी पत्नी इनेश्वरी बाई साहू के साथ खेत गये थे। घर पर मेरा लड़का रेमन साहू था जो लगभग सुबह 10.30 बजे दरवाजे में ताला लगाकर धमतरी चला गया, शाम करीबन 4 बजे घर वापस लौटा तो दरवाजा का ताला टूटा था, घर अंदर जाकर देखने पर आलमारी खुली थी। जानकारी मिलने पर हम भी खेत से लौटे तो आलमारी में रखे एक सोने की पत्ती, लॉकेट का टुकडा, पुराना टूटा हुआ वजनी लगभग एक तोला, एक चांदी का करधन कड़ी वाला पुराना टूटा हुआ वजनी लगभग 30 शेष पेज 13 पर

### जामड़ी पाटेश्वर आश्रम में आयोजित शरद पूर्णिमा महोत्सव एवं श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# माता कौशल्या की जन्मस्थली और भगवान श्रीराम का ननिहाल है छत्तीसगढ़ : सीएम साय





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बालोद जिले के डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम बड़े जुंगेरा स्थित मां कौशल्या धाम जामड़ी पाटेश्वर आश्रम में आयोजित शरद पूर्णिमा महोत्सव एवं श्रद्धांजलि सभा शामिल हुए। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की पुण्य भूमि माता कौशल्या की जन्मस्थली एवं एवं भगवान श्री रामचंद्र का ननिहाल होना हम सभी छत्तीसगढ़वासियों का सौभाग्य है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे मचान वाले बाबा संत श्री राम कृष्णदास महात्यागी का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि जब मैं विधायक था तो उस समय अपने विधानसभा क्षेत्र में मचान वाले बाबा का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। इसके अलावा दिल्ली में भी उनके आश्रम में पहुंचकर मुझे उनके दर्शन करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि भगवान श्री रामचंद्र ने अपने 14 वर्ष के वनवास में से अधिकांश समय हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के धरती में व्यतीत किए हैं। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में छत्तीसगढ़ राज्य में





हुए उल्लेखनीय विकास कार्यों की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को पूरा कर ली है। सरकार प्रदेश को विकसित एवं सुख–समृद्धि से परिपूर्ण राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने बस्तर में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब मिलकर मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण बस्तर को शांति का टापू बनाकर वहां विकास की अनवरत गंगा बहाएंगे। साय ने कहा कि हमारी सरकार विपुल खनिज संपदा से परिपूर्ण रत्नगर्भा भूमि छत्तीसगढ़ का निरंतर संरक्षण एवं संवर्धन कर देश के अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं वन मंत्री केदार कश्यप तथा सांसद भोजराज नाग के साथ संत श्रीराम कृष्ण दास महात्यागी ने संत श्रीराम जानकीदास महात्यागी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर छत्तीसगढ़ की सुख–समृद्धि की कामना की और जामड़ी पाटेश्वर आश्रम स्थित साधना स्थल में पहुंचकर संत श्रीराम बालकदास महात्यागी एवं श्रद्धालुजनों से मुलाकात भी की। मां कौशल्या धाम जामड़ी पाटेश्वर आश्रम के संचालक संत श्रीराम बालकदास महात्यागी ने मचान वाले बाबा के नाम से विख्यात संत श्रीराम कृष्णदास महात्यागी के वनवासी क्षेत्र के लोगों के जागृति हेतु किए गए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने जामड़ी पाटेश्वर आश्रम में निर्मित मां कौशल्या मंदिर को पूरे विश्व का एक मात्र माता कौशल्या की मंदिर बताते हुए इसे छत्तीसगढ़ वासियों के लिए परम सौभाग्य बताया। इस अवसर पर रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या साय शेष पेज 13 पर

# महिला कोटवार की संदिग्ध मौत, घर के अंदर मिली क्षत विक्षत लाश, हत्या का संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रानीतराई रोड में एक महिला कोटवारिन की संदिग्ध और हृदय विदारक अवस्था में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान देवबती महार के रूप में हुई है, जो अपने मकान में अकेली रहती थी। पड़ोसियों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

■ आरोपी ने एक हाथ की कलाई काट शव को चटाई से ढक दिया था

मृतका के पड़ोसी गंगाराम साहू ने पुलिस को बताया कि कोटवारिन देवबती महार अक्सर उनके घर आती-जाती थी। वह आखिरी बार शुक्रवार 3 अक्टूबर को सुबह 9 से 10 बजे के बीच उनके घर आई थी। लगातार दो-तीन शेष पेज 13 पर

### धारदार हथियार से कलाई काटी गई, सामान बिखरा

जब लोगों ने घर के अंदर प्रवेश किया, तो कोटवारिन देवबती महार अपने कमरे में चित्त हालत में मृत पड़ी थीं। उनके शरीर पर एक चटाई ढकी हुई थी और घर का सामान अस्त-व्यस्त बिखरा पड़ा था। कमरे के फर्श पर खून और पस फैला हुआ था। मृतका के शव से अत्यधिक दुर्गंध आ रही थी और शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मौत दो से तीन दिन पूर्व हुई है, क्योंकि शरीर पर फफोले और कीड़े पड़ चुके थे। सबसे चौकाने वाली बात यह है कि मृतका के दाहिने हाथ की कलाई को किसी धारदार हथियार से काटकर अलग कर दी गई थी। पड़ोसी गंगाराम साहू ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या की नीयत से घर में प्रवेश कर धारदार हथियार से चोट पहुंचाकर उनकी पड़ोसी की हत्या कर दी है। पड़ोसी की शेष पेज 13 पर

## दुकान के सामने खड़ी बाइक ले गए चोर

**बालोद**। दुकान के सामने खड़े किए मोटर साइकिल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया, जहां खोजबीन के बाद भी मोटर साइकिल नहीं मिलने पर पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड 2 चिखलाकसा निवासी धीरज लाल मारकण्डे ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता देवनाथ मारकण्डे के नाम पर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 जे 7631 से सुबह मैं अपने मोटर साइकिल से कुसुमकसा गया, जहां ट्रक श्रृंगार दुकान के सामने बाइक खड़ी कर ट्रक लेकर गिधाली माइंस आयरन लोड कराने गया। ट्रक लोड कराकर रात्रि में कुसुमकसा में खड़ी किया और रात करीबन 9.30 बजे अधिक बारिश होने से बाइक को कुसुमकसा में ट्रक श्रृंगार दुकान के पास ही छोडकर संतोष साहू के साथ उसके कार में वापस चिखलाकसा आ गया। 23 सितंबर को सुबह 8 बजे बस से कुसुमकसा में ट्रक श्रृंगार दुकान के पास बाइक नहीं थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## संगवारी गुरुजियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

**बालोद**। संगवारी गुरुजी की नियुक्ति कर 2 माह बीतने पर भी अब तक वेतन नहीं मिला है। अगस्त माह में 45 संगवारी गुरुजी की नियुक्ति हुई थी। अधिक दर्ज संख्या और कम शिक्षक वाली शालाओं में अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संपादित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन बालोद द्वारा एक अभिनव प्रयास किया गया था। शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने जिला प्रशासन के कहा कि जिला प्रशासन ने जिला के लगभग 50 स्कूलों में संगवारी गुरुजी के रूप में व्यवस्था कर विद्यार्थियों के लिए विषय शिक्षक की नियुक्ति स्थानीय स्तर पर अगस्त माह में किया था। जिनकी नियुक्ति शिक्षक उपलब्ध होने तक अथवा सत्र समाप्ति 31 मार्च 2026 तक की गई है। विगत 2 माह से ये संगवारी गुरुजी अपनी पदस्थ शाला में सेवा दे रहे हैं, परंतु आज पर्यंत तक इन संगवारी गुरुजी को मानदेय नहीं दिया गया है। 2 माह से मानदेय अप्राप्त होने पर जितेंद्र शर्मा ने इन संगवारी गुरुजी को होने वाली आर्थिक समस्याओं को देखते हुए जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि इन संगवारी गुरुजी शिक्षकों को अविलंब मानदेय प्रदान किया जाए, ताकि दीपावली में इनके घर भी उजाला हो सके। जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि जिले के संगवारी गुरुजी इस बात से चिंतित है कि इनके मानदेय के संदर्भ में अभी तक कोई सुध नहीं ली गई है, न ही इनका एकाउंट मांगा गया शेष पेज 13 पर



■ जिले में अगस्त में 45 संगवारी गुरुजियों की हुई है नियुक्ति

## किसान संघ का सीएम निवास घेराव 13 को

**बालोद/कलंगपुर**। किसानों की विभिन्न नौ मांगों को लेकर 13 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। इसके लिए बालोद जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू ने जिला के सभी किसानों को मुख्यमंत्री निवास घेराव करने जाने के लिए कहा है।



किसानों कि प्रमुख मांग है कि घरेलू बिजली पर पुनः हाफ बिजली बिल योजना लागू की जाए तथा कृषि पंपों को 24 घंटे बिजली दी जाए। पिछले सरकार कि बकाया चौथी किश्त की राशि दीपावली से पूर्व भुगतान किया जाए। एग्री स्टेक की विसंगतियों को दूर किया जाए। धान कि राशि 3100 में बढ़ा हुआ समर्थन मूल्य 186 जोड़कर दिया जाए एवं धान खरीदी 1 नवंबर से 15 फरवरी तक की जाए। धान खरीदी में किसानों से 40 किलो 700 ग्राम धान ही लिया जाए एवं सभी समितियों में यह अनिवार्य रूप से बैनर द्वारा प्रदर्शित किया जाए। खाद कि कालाबाजारी बंद हो एवं सहकारी समितियों में भंडारण सुनिश्चित हो। प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाया जाए तथा नहरों का पानी अंतिम गांव तक पहुंचे ऐसी व्यवस्था हो। दलहन तिलहन की खेती पर 20 हजार अनुदान दिया जाए तथा रबी में दलहन तिलहन और मक्का, सुरजमुखी की खरीदी कि जाए। कृषक उन्नति योजना में गन्ना फसल को जोड़ा जाए एवं गन्ने का समर्थन मूल्य 500 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए। जैविक खेती में जो अनुदान भारत सरकार देती है, उसे छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को दिया जाए। सांवत राम साहू ने उक्त मांगों को लेकर शेष पेज 13 पर

## ग्रामसभाओं में गिरदावरी सर्वे सूची का पठन जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्रामसभा के माध्यम से डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन का कार्य निरंतर जारी है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम बिरेतरा, भोथली, पड़कीभाट सहित जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के माध्यम से पटवारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों के द्वारा गिरदावरी सूची का पठन किया गया। इस दौरान एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025–26 के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत हुए गिरदावरी कार्य की सर्वे सूची का पठन कर ग्रामीणों को उनके रकबे और बोए गए फसल की जानकारी दी गई। इसके अलावा ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर डिजिटल फसल सर्वेक्षण की सूची को चस्पा भी किया गया है। जिसका ग्रामीण अवलोकन कर अपने रकबे और फसल की जानकारी ले रहे हैं।

■ डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत किया गया है गिरदावरी कार्य

जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे और मैनुअल गिरदावरी का वाचन किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में किसानों के फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल टाइम में किया गया, जिसमें खेत की भौगोलिक स्थिति के साथ फसल की फोटो अपलोड की गई है। राज्य शासन द्वारा भू–नक्शों के जीव–रिफ्रेसिंग के पश्चात अब त्रुटिरहित शेष पेज 13 पर




## खबर संक्षेप

### युवक युवती परिचय सम्मेलन 9 नवंबर को गोंडवाना भवन में

दुर्ग। जिला साहू संघ दुर्ग का 34 वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन 9 नवंबर को प्रातः 11 बजे से गोंडवाना भवन दुर्ग में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विवाह योग्य युवक युवतियों द्वारा वैवाहिक पत्रिका परिचायिका में अपना पंजीयन कराने के लिए प्रतिभागी द्वारा पंजीयन पत्र व ऑफ लाइन अथवा ऑनलाइन पंजीयन किया जा सकता है। परिचय सम्मेलन के दिन मांगलिक पत्रिका परिचायिका का विमोचन भी किया जाएगा। जिसमें साहू समाज के विवाह योग्य युवक-युवती का नाम एवं बायोडाटा पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा एवं युवक युवती द्वारा अपना परिचय मंच के माध्यम से भी दिया जाएगा। जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने बताया कि परिचय सम्मेलन एवं पत्रिका के माध्यम से प्रतिवर्ष अनेक रिश्ते तय होते है एवं कुछ रिश्ते परिचय सम्मेलन के दिन भी अभिभावकों द्वारा आपस में मिलके उसी दिन तय हो जाते है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को इस परिचय सम्मेलन में अवश्य सम्मिलित होने चाहिए। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी राकेश साहू ने दी।

### जेआरडी स्कूल मैदान में लगेगा अस्थायी फटाका बाजार

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा दीपावली पर्व के मद्देनज़र फटाका विक्रय की अनुमति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत फटाका दुकानों के लिए अस्थायी स्टॉल लगाने की व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन हेतु निगम ने नियम एवं शर्तें तय की हैं। इसके अनुसार, वार्ड क्रमांक 39 स्थित जेआरडी स्कूल के पीछे मैदान में अस्थायी फटाका बाजार लगाया जाएगा, जहाँ पर अधिकृत व्यवसायियों को ही विक्रय की अनुमति दी जाएगी। निगम बाज़ार विभाग के अनुसार, इच्छुक व्यापारी 8 अक्टूबर तक आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके पश्चात 9 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे लॉटरी प्रणाली के माध्यम से स्टॉल का आबंटन किया जाएगा। फटाका विक्रय केवल उसी स्थल पर और निर्धारित अवधि तक ही अनुमत होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही की जाएगी।

# खुर्सीपार में शराब दुकान को लेकर 12वें दिन भी विरोध जारी

## दुर्ग शहर की भीड़ वाली जगह पर खोल दी गई शराब दुकान, लोगों की बढ़ रही नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई / दुर्ग

शहर की भीड़ वाली जगहों पर शराब दुकान संचालन को लेकर लगातार लोगों का विरोध हो रहा है। विरोध बढ़ता जा रहा है। दुर्ग के ग्रीन चौक में संचालित अंग्रेजी शराब दुकान को लेकर भी लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है। बता दें कि चौक पर ही मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी।

इस दौरान दुर्गा पंडाल के पास से शराब की दुकान होने की वजह से नशेड़ियों का जमघट लगा रहा। आए दिन भक्ति के लिए पहुंचने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान दुकान के पास पर्दा लगा दिया गया था। बावजूद इसके नशेड़ियों द्वारा लगातार गाली गलौच की जा रही थी। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने कलेक्टर से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि तत्काल शराब दुकान हटाई जाए, अन्यथा उग्र आंदोलन होगा। बता दें कि लंबे समय से दुकान का संचालन हो रहा है।

आए दिन मारपीट, गाली गलौच और महिलाओं पर छींटाकशी की शिकायतें होती हैं। ट्रैफिक जाम की समस्या सामने आती है। बावजूद इसके शराब दुकान का संचालन बदस्तूर जारी है। इधर भिलाई के वार्ड-51 शिवाजी नगर में शराब दुकान को लेकर 12वें दिन भी विरोध जारी रहा।



### महिलाएं नहीं हटेंगी धरना स्थल से, जारी रहेगा विरोध

शिवाजी नगर खुर्सीपार की महिलाएं शराब भट्टी के विरोध में 12वें दिन भी धरने पर बैठी रहीं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से भट्टी न खुलने का लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता, तब तक वे धरना स्थल से नहीं हटेंगी। इस आंदोलन को आम आदमी पार्टी ने समर्थन किया है। लोकसभा उपाध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने इस मामले में कलेक्टर, एसडीएम, आबकारी विभाग और छत्तीसगढ़ राज्यपाल को लिखित शिकायतें भेज दी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई उचित और संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। महिलाओं ने सांसद विजय बघेल को भी वस्तु स्थिति से अवगत कराया है। महिलाएं प्रतिदिन सुबह 7 बजे अपने बच्चों के साथ धरने पर पहुंच रही हैं। रात 11 बजे तक वे धरने में शामिल हो रही है।

## इंडियन वेटनरी एसोसिएशन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का सम्मेलन

# दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आगाज, मंत्री ने दुर्ग में नए एग्रीकल्चर कॉलेज खोलने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



प्रदेश के आदिमजाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने सोमवार को इंडियन वेटनरी एसोसिएशन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में वन हेल्थ सिनर्जी को मज़बूत करना, अंतर-क्षेत्रीय नवाचार और एकीकरण के माध्यम से एएमआर (एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध) का मुकाबला विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। पृथ्वी पैलेस में हो रहे आयोजन में नेताम ने कहा कि सम्मेलन पशु एवं मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और वन्य जीवों के बीच बहुक्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की हमारी साझा प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी।

इसका उद्देश्य वन हेल्थ फ्रेमवर्क के अंतर्गत एन्टीमाइक्रोबियल रेसिसटेंस (एएमआर) की बढ़ती चुनौती से प्रभावी ढंग से निराकरण करना है। सम्मेलन में दिए गए सुझाव को केन्द्र व राज्य सरकार को अवगत कराया जाएगा। ताकि इसका क्रियान्यन सरकार द्वारा और बेहतर ढ़ंग से किया जा सके। उन्होंने कहा कि समय के साथ दवा पर अनुसंधान भी बढ़े हैं। इनके उपयोग पर मानव आज उलझ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उपयोग हेतु बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना आज भी एक चुनौती है। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से पशु पालन को बढ़ावा दिया जा सकता है। साथ ही कृषि के मामले में जैविक खेती पर जोर देते हुए कृषि मंत्री नेताम ने कहा कि किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती की दिशा में आगे आना चाहिए। उन्होंने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की मांग पर कामधेनु विश्वविद्यालय अंतर्गत दुर्ग में कृषि महाविद्यालय की घोषणा की। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे सहित अन्य मौजूद थे। विश्वविद्यालय की स्मारिका, सोवेनियर बकरी प्रशिक्षण कैलेण्डर का विमोचन भी किया गया।

## पशु एवं मानव स्वास्थ्य व वन्य जीवों के बीच सहयोग पर सहमति






### वेटनरी कॉलेज परिसर में रोपे गए पौधे

मंत्री राम विचार नेताम ने अपने उद्बोधन में बताया कि पशुधन के संपूर्ण उपचार एवं संवर्धन हेतु प्रयासों को अधिक गतिशील किया जाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण परिवेश में सामाजिक, आर्थिक उन्नयन, पशुधन के बहुआयामी क्षेत्र से विकास किया जा सकता है एवं नवाचार द्वारा पशुपालन को बढ़ाया हुआ दिया जाएगा। आयोजन सचिव डॉ. निधि रावत ने बताया कि यह सम्मेलन पशु एवं मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और वन्यजीवों के बीच बहुक्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की हमारी साझा प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी, जिसका उद्देश्य वन हेल्थ फ्रेमवर्क के अंतर्गत एंटीमाइक्रोबियल रेजस्टिंस की बढ़ती चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटना है।

### विषय विशेषज्ञों को सुझावों से पशुपालन को मिलेगा बढ़ावा

सांसद विजय बघेल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में विषय विशेषज्ञों के सुझावों से प्रदेश में पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का सुझाव शासन को प्रेषित किया जाए, जिससे राज्य के नीति निर्धारण में इन सुझावों को समावेशित किया जा सके। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप संबंधित विभाग एन्टीमाइक्रोबियल रेसिसटेंस (एएमआर) की बढ़ती चुनौती पर प्रभावी ढ़ंग से कार्य कर रहें है। उन्होंने बताया कि निश्चित रूप से एंटीबॉयोटिक दवाओं का उपयोग चिकित्सकीय निदान पर ही किया जाना चाहिए। सम्मेलन को सफल बनाने में शोधकर्ताओं, पशुचिकित्सकों, चिकित्साविदो और विशेषज्ञों की भागीदारी एवं सुखद सुझाव सामने आएंगे।

### देश के अलग-अलग हिस्सों से आए वैज्ञानिक कर रहे शिरकत

सम्मेलन में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए वैज्ञानिक शिरकत कर रहे हैं। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने भी अपनी बात रखी। कामधेनु विश्वविद्यालय के प्रभारी डीन डॉ. संजय शाक्य ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त डॉ. प्रवीण मलिक, कार्यपालन निर्देशक एवं एम्स रायपुर के सीईओ लेफ्टीनेंट जनरल अशोक जिंदल, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, कुलपति लुआस, हिसार (हरियाणा) डॉ. विनोद कुमार वर्मा, निर्देशक एनआईओएच नागपुर डॉ. प्रज्ञा यादव, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड डॉ. जी. मणि, अध्यक्ष इंडियन वेटनरी एसोसिएशन डॉ. सुधिर कुमार सहित विभिन्न महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं निर्देशक शिक्षक उपस्थित थे।

# रोजगार दिवस में ग्रामीणों को दी जाएगी क्यूआर कोड प्रणाली की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 7 अक्टूबर को होने वाले रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को क्यूआर कोड प्रणाली की जानकारी दी जाएगी। यह पहल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य योजनाओं में पारदर्शिता और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।

- मनरेगा में पारदर्शिता की दिशा में एक और डिजिटल पहल

प्रत्येक माह की 7 तारीख को आयोजित होने वाले रोजगार दिवस में अब से ग्रामीणों को क्यूआर कोड स्कैन कर मोबाइल से ही पंचायत में पिछले तीन वर्षों के सभी स्वीकृत कार्यों, व्यय राशि, प्रगतिरत कार्यों, जॉब कार्डधारियों की संख्या और कुल सृजित मानव दिवस की जानकारी तत्काल मिलेगी। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में इसे शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर क्यूआर कोड चस्पा किए जा चुके हैं।

सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे रोजगार दिवस में इस क्यूआर कोड प्रणाली की जानकारी जनसामान्य को दें और जनजागरुकता अभियान चलाएं। यह डिजिटल पहल ग्रामीणों



को योजनाओं की निगरानी का अधिकार देती है और शासन की डिजिटल पारदर्शिता की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रही है। ग्रामीण अब घर बैठे अपने मोबाइल से पंचायत की विकास यात्रा की असली तस्वीर देख सकेंगे। यह पहल सिर्फ कागज़ी काम नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत में जवाबदेही और पारदर्शिता का डिजिटल आंदोलन है।

अब कोई भी ग्रामीण जान सकेगा कि उसके गाँव के विकास कार्यों में एक-एक रुपये का उपयोग कैसे हो रहा है। इससे न केवल भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी, बल्कि योजनाओं पर जनता का भरोसा भी मज़बूत होगा। रोजगार दिवस के अवसर पर इस नवाचार से हर गांव के लोग बनेंगे सशक्त सहभागी हैं जो केवल दर्शक नहीं, बल्कि अपने गांव के विकास की असली निगरानी करने वाले होंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर तकनीक का यह उपयोग ग्रामीण समाज को देगा नई ताक़त, क्योंकि अब विकास का हिसाब होगा हर किसी की नज़रों के सामने होगा ।

# आवास संकट से जूझ रहे ठेका श्रमिक, पुनर्वास के लिए लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मेहनतकश आवास अधिकार संघ और छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा ने संयुक्त रूप से श्रमिकों को पुनर्वास दिए जाने की मांग की है।

हॉस्पिटल सेक्टर में रहने वाले श्रमिक परिवार गंभीर आवास संकट का सामना कर रहे हैं। ये परिवार

- रैली निकालकर जताया विरोध

बीएसपी संयंत्र और सेक्टर-9 अस्पताल में वर्षों से ठेका मजदूर के रूप में कार्यरत हैं, जबकि इनके पूर्वज पिता और दादा बीएसपी संयंत्र में स्थायी कर्मचारी रह चुके हैं। हॉस्पिटल सेक्टर के 90 प्रतिशत निवासी अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय से आते हैं। ये श्रमिक परिवार चाहते हैं कि राज्य सरकार बिजली-पानी का किराया लेकर उन्हें वहीं रहने की अनुमति दे। बीएसपी इन आवासीय भवनों का समुचित रखरखाव कराकर उन्हें नियमित आवास दे। यदि ऐसा संभव नहीं है, तो बीएसपी कम से कम 10 एकड़ जमीन भिलाई नगर निगम को हस्तांतरित करे, ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत इन्हें



वैकल्पिक और सम्मानजनक आवास प्रदान किया जा सके। श्रमिकों ने सोमवार को रैली निकालकर संयंत्र निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। श्रमिकों ने बताया कि संपदा विभाग द्वारा नोटिस वितरण की प्रक्रिया भी अनियमित और अमानवीय रही। नोटिस बच्चों को थमा दिए गए, जो फाड़ दिए गए या बारिश में भीग गए। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि नोटिस पर किसी मकान मालिक या परिवार का नाम तक दर्ज नहीं था। 9 सितम्बर को पेशी थी, लेकिन नोटिस 16 सितम्बर को बांटे गए, जो स्पष्ट रूप से एकतरफा निर्णय लेने और पीड़ितों को परेशान करने की साज़िश प्रतीत होती है। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर, राजेन्द्र परगनिहा, चन्द्रभान, चंद्रकला, व्हीएन प्रसाद राव, नारायण राव, मैरी, संजना, चमेली, सिंदुरिया, सुधा सागर, मन्नु ठाकुर, निरा, कलादास डेहरिया, सुरेन्द मोहन्ती, बेदन लाल, वंदना, महेश साहु सहित अन्य उपस्थित रहे।

# साईं मंदिर में नेत्र परीक्षण शिविर का जरुरतमंदों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

लायंस क्लब दुर्ग विजन द्वारा सेवा सप्ताह में समाजसेवी एवं रचनात्मक गतिविधियों को पूरे उत्साह के साथ मूर्तरुप प्रदान किया जा रहा है। सेवा सप्ताह के श्रृंखला में क्लब द्वारा सिविल लाइन कसारीडीह स्थित साईं मंदिर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आंखों की जांच के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जिज्ञासी एवं उनके स्टाफ ने सेवा दी।

- 100 लोगों ने लिया शिविर का लाभ

शिविर में जांच के दौरान एक रोगी को मोतियाबिंद की शिकायत मिली। उक्त रोगी का क्लब द्वारा निःशुल्क आपरेशन कराया जाएगा। दो लोगों को चश्मा की आवश्यकता पर उन्हें तुरंत चश्मा उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा अन्य रोगियों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिए गए। शिविर से 100 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। इसके पहले नेत्र परीक्षण शिविर का



लायंस क्लब के सदस्यों द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब दुर्ग रीजन अध्यक्ष एमजेएफ लायन आरके वर्मा एवं सेवा सप्ताह संयोजक एमजेएफ लायन पीबी सक्सेना ने सेवा सप्ताह के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन लायन डॉ. रुचि सक्सेना ने किया इस अवसर पर लायन विशाल राजहंस, सुनंदा स्वामी, विभा गुप्ता, राजलक्ष्मी तिवारी, विनती अग्रवाल, दुर्गेश नंदिनी दुबे, साईं मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी,कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता के अलावा लायंस क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# जीएसटी 2.0 से स्थानीय व्यापार को मिलेगी नई ऊर्जा : महापौर अलका

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र इंदिरा मार्केट और स्टेशन रोड में महापौर अलका बाघमार ने जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों की टीम ने दुकानों का दौरा कर स्थानीय व्यापारियों से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए नए जीएसटी रिफॉर्म (जीएसटी 2.0) के प्रभाव, लाभ और इसके स्थानीय व्यापार पर सकारात्मक असर को लेकर संवाद किया।महापौर बाघमार ने व्यापारियों को समझाया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए



जीएसटी 2.0 सुधार का उद्देश्य व्यापार को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दैनिक उपयोग की वस्तुओं, घरेलू उपभोग सामग्री, और छोटे व्यवसायिक उत्पादों पर टैक्स दरों में की गई कटौती से उपभोक्ताओं को सीधी राहत मिलेगी। इससे न केवल वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी बल्कि बिक्री और उपभोग में वृद्धि भी होगी।

इस दौरान कई व्यापारियों ने भी अपने विचार रखे। इंदिरा मार्केट के दुकानदारों ने बताया कि नए सुधारों से उन्हें टैक्स की गणना, बिलिंग और माल की आवाजाही में काफी सुविधा और स्पष्टता महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे छोटे व्यवसायों को सशक्तिकरण मिलेगा और नकद लेनदेन पर निर्भरता घटेगी।

## अकतई के स्कूल भवन की शीघ्र मरम्मत करवाने दिया आवेदन

# उमदा में प्रदूषण फैला रहा क्रेशर प्लांट, स्थानांतरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टरअभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा एवं उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 92 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में नगर निगम, समाज कल्याण, खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

- जनदर्शन में 92 आवेदन प्राप्त हुए

### कोडिया में ही सहकारी समिति रखने की मांग

ग्राम पथरिया एवं सहगांव के समस्त किसानों ने सेवा सहकारी समिति को कोडिया में रखने आवेदन दिया। किसानों ने बताया कि वे कई वर्षों से खाद-बीज व कृषि ऋण का लेन-देन कोडिया समिति से ही करते आ रहे हैं और धान खरीदी केन्द्र कोडिया ही उनके लिए सुविधाजनक है। चूंकि वर्तमान में नए धान खरीदी केन्द्र मेडेसरा प्रस्तावित है, जिसमें ग्राम पथरिया एवं सहगांव को भी जोड़ा जा रहा है जो दूरी में अधिक और असुविधाजनक है। इस पर कलेक्टर ने जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### जर्जर प्राथमिक शाला की मरम्मत करवाने दिया आवेदन

ग्राम पंचायत अकतई सरपंच ने प्राथमिक शाला भवन की मरम्मत करवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत अकतई तहसील पाटन के प्राथमिक शाला भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकने और मलबा गिरने की वजह से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सूचित किया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। सीईओ जनपद पंचायत को निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही करने को कहा।

### बिना अनुमति के लगाया प्लांट हटाने के लिए आवेदन

वार्ड क्रमांक 06 उमदा के पार्षद एवं समस्त वार्डवासियों ने आवासीय क्षेत्र में क्रेसर प्लांट (बॉल मिल) स्थापित करने से हो रहे प्रदूषण की शिकायत की। वार्डवासियों ने बताया कि यह संयंत्र आवासीय क्षेत्र में बिना अनुमति के लगाया गया है, जिससे मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ पशुधन को भी नुकसान हो रहा है। रिहायशी इलाके में ऐसे प्रदूषणकारी प्लांट को अनुमति कैसे मिल गई। निवासियों ने संयंत्र को औद्योगिक क्षेत्र में स्थानांतरित करने की माँग की है, ताकि पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की रक्षा हो सके। इस पर कलेक्टर ने क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# रनथॉन में बच्चों और बुजुर्गों के साथ मंत्री गजेंद्र और विधायक देवेंद्र ने लगाई दौड़

**यंग इंडियन्स दुर्ग चेप्टर के आयोजन में केबिनेट मंत्री, विधायक, कलेक्टर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया हिस्सा**





हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

यंग इंडियन्स दुर्ग चेप्टर के रनथॉन में 10 साल से लेकर 70 साल तक के 1000 से अधिक धावकों ने दौड़ लगाकर स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया। प्रतिभागियों को विभिन्न श्रेणियों में एक लाख तक के पुरस्कार का वितरण भी किया गया। दौड़ में मंत्री गजेंद्र यादव, विधायक देवेंद्र यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए।

प्रतियोगिता में यंग इंडियन दुर्ग चेप्टर के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, को-चेयर अभिषेक सुराना और पास्ट चेयर साकेत रुँगटा द्वारा फ्लैग ऑफ की गई। दौड़ का फ्लैग ऑफ कलेक्टर अभिजीत सिंह ने किया। प्रतियोगिता में दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, रायपुर, अंबिकापुर, बालोद और रायगढ़ से प्रतिभागी उत्साह के साथ शामिल हुए। जिससे यह आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ का फिटनेस महोत्सव बन गया।

अभिषेक सुराना ने बताया कि दुर्ग समाज के हर क्षेत्र में प्रभावी सामाजिक पहलों के लिए समर्पित है। साकेत रुँगटा ने बताया कि रनथॉन को सरकारी विभागों और अनेक सामाजिक संगठनों से मिले सहयोग ने आयोजन को प्रभावशाली बना दिया। पियूष ने बताया कि अत्याधुनिक टाइमिंग चिप तकनीक से सटीक परिणाम सुनिश्चित किए गए और 1,00,000 से अधिक के पुरस्कार राशि विभिन्न श्रेणियों में वितरित किए गए।

गौरव एवी ने साझा किया कि रनथॉन के माध्यम से अपने सभी वर्टिकल्स को एकीकृत किया, जिससे वर्ष भर किए गए कार्यों का प्रदर्शन किया गया। गौरव पारख, योगेश, हर्षिता ने भी अपने विचार रखे। रनथॉन 2025 की सफलता को टाइटल स्पॉन्सर्स भवभूमि, मेघ गंगा ग्रुप, प्रतीक टाइल्स, एल्युमिनियम, पद्मावती फोर्स मोटर्स और अनंत्या ग्रीन्स के सहयोग ने और भव्य बनाया। इसके अलावा अग्रवाल समाज दुर्ग, भिलाई, रोटरी क्लब जैसे सामाजिक संगठनों का आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग मिला।

## खबर संक्षेप

### बिजली कंपनी के दफ्तर से मॉनीटर, सीपीयू और यूपीएस उड़ा ले गया चोर

**भिलाई।** भिलाई नगर थाना अंतर्गत 32 बंगला स्थित बिजली कंपनी के दफ्तर में ही चोरी हो गई। अज्ञात चोर खिड़की में लगे कूलर को हटाकर दफ्तर के अंदर घुसा। इसके बाद घटना को अंजाम दिया। घटना 4 अक्टूबर के दोपहर करीब ढाई बजे से 6 अक्टूबर की सुबह साढ़े 10 बजे के बीच की है। मामले में सहायक अभियंता मनीष चंद्रवंशी ने शिकायत की। उन्होंने बताया कि दफ्तर के अंदर से 5 नग मॉनीटर, 8 नग सीपीयू, 6 यूपीएस, 1 नग प्रिंटर, 1 नद इंडक्शन सहित अन्य सामान गायब है। कम्प्यूटर सिस्टम में 15 साल पुराना रिकार्ड था। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि चोर खिड़की के रास्ते दफ्तर में घुसा। बड़े ही इतमिनान से घटना को अंजाम दिया।

### मस्क की कंपनी के सॉफ्टवेयर इंजीनियर के घर से लेपटॉप चोरी

**भिलाई।** भट्ठी थाना अंतर्गत सेक्टर-1 निवासी टाटा फनिंद्रा पिता टीवी नागेश्वर राव के घर से लैपटॉप चोरी हो गया। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि टाटा फनिंद्रा सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। एपी मोलार मस्क की कंपनी में काम करते हैं। सोमवार की दोपहर वह काम कर रहा था। इसके बाद नहाने चला गया। घर पर उनकी मां सो रही थी। इस बीच अज्ञात ने लेपटॉप पर हाथ साफ कर दिया।

### 4 साल पहले बनकर हुआ था तैयार, तकनीकी खामियों के चलते लंबे समय तक बंद रहा आवागमन

# खुर्सीपार चौक से सेक्टर-3 तक बने फ्लाई ओवर पर भारी वाहनों की आवाजाही शुरू, सीधे पहुंचेंगे बोरिया गेट

**सर्विस लेन पर अब भी गड्ढे, मेंटेनेंस नहीं होने से लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

बीएसपी के बोरिया गेट तक बाहर से आने वाले भारी वाहनों के लिए एक बार फिर खुर्सीपार चौक से सीईजेड चौक सेक्टर-3 तक फ्लाई ओवर पर आवागमन शुरू हो गया है। तकनीकी खामियों के कारण लंबे समय तक इस फ्लाई ओवर में वाहनों की आवाजाही बंद रही।

चार साल पहले तत्कालीन डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता ने इस ब्रिज को लोकार्पण किया था। इसके बाद कुछ दिनों तक आवाजाही के बाद इसमें तकनीकी खामियां सामने आई। इसके बाद इस ब्रिज को बंद कर दिया गया। लंबे समय तक बंद रहने के बाद इसका मेंटेनेंस कराया गया। मेंटेनेंस पूरा होने के बाद इस फ्लाई ओवर में आवाजाही शुरू कर दी गई। इससे बाहर से आने वाले भारी वाहन अब सीधे फ्लाई ओवर के रास्ते बोरिया गेट पहुंच सकेंगे। साथ ही इसी मार्ग से लौट सकेंगे। उन्हें टाउनशिप से होकर गुजरने की जरुरत नहीं होगी। वे खुर्सीपार से सेक्टर-1, सेक्टर-3, भट्ठी थाने के सामने से होकर सीधे बोरिया गेट तक पहुंच सकेंगे। इस फ्लाईओवर के शुरू होने से खुर्सीपार से बोरिया गेट के बीच रास्ता काफी आसान हो गया है। ब्रिज के शुरू होने से आम लोगों आने जाने में काफी आसानी होगी। जाम से भी मुक्ति मिलेगी। लंबे समय से इस ब्रिज के शुरू होने का लोगों को इंतजार था। इसे लेकर लगातार यूनियनों द्वारा मांग भी की जा रही थी। इसके बाद बीएसपी ने मेंटेनेंस कराया और इसे शुरू कराया।





### फ्लाई ओवर 685 मी. से ज्यादा लंबा, चौड़ाई 12 मी.

जानकारी के मुताबिक सीईजेड चौक के ऊपर बने फ्लाई ओवर की लंबाई 685 मीटर तथा चौड़ाई 12 मीटर है। इस फ्लाई ओवर को बोरिया गेट और खुर्सीपार से जोड़ने के लिए 3 किलोमीटर लंबी तथा 14 मीटर चौड़ी एप्रोच रोड के साथ जोड़ते हुए बनाया गया है। इसके दोनों ओर एक किलोमीटर लंबी स्लिप रोड का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही फ्लाई ओवर तथा एप्रोच रोड में लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा बोरिया गेट के पास पार्किंग के इंतजाम किए गए हैं, ताकि भारी वाहनों की वजह से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या न हो। लंबे समय तक ब्रिज बंद पड़ा रहा, जिसे अब शुरू किया गया।

### ब्रिज के समानांतर बनी सर्विस लेन में अब भी गड्ढे

बता दें कि ब्रिज के समानांतरण एक सर्विस लेन है, जिससे अब तक वाहनों की आवाजाही हो रही थी। इसके अलावा दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहनों की आवाजाही हो रही थी। इस मार्ग पर अब भी गड्ढे बने हुए हैं। बता दें कि पिछले दिनों बीएसपी ने शहर की अधिकांश शहरों का मेंटेनेंस भी कराया। बावजूद इसके कई जगहों पर अब भी गड्ढे वाली सड़क है, जिससे लोगों को खासी परेशानी हो रही है। यूनियनों ने पिछले दिनों मांग की थी, कि सारी सड़कों का मेंटेनेंस कराया जाए, ताकि लोगों को आवाजाही में किसी प्रकार की परेशानी न हो। गड्ढों की वजह से हर दिन लोग परेशान हो रहे है।

### हाईवे पर नाली बनाने के दौरान सुरक्षा ताक पर

नेशनल हाईवे पर कोसानाला के पास नाली निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान सुरक्षा संकेत नहीं लगाए गए हैं, जो हादसों का सबब बन रहे है। रात के समय अंधेरा होने की वजह से आए दिन बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे है। बता दें कि कोसानाला के इस क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण, डिवाइडर का निर्माण और नाले पर नया पुलिया बनाया जा रहा है। इस वजह से जगह-जगह सड़क किनारे मलबा डंप है। पूरी तरह से सुरक्षा की अनदेखी हो रही है। 24 घंटे वाहनों की आवाजाही के बाद भी अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। पिछले दिनों एक युवक सर्विस लेन से गुजरते समय हादसे का शिकार हुआ। उसे गंभीर चोटे आई। एम्बुलेंस तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज अब भी जारी है। हादसे की ऐसी घटनाएं लगातार हो रही है।

## आदि कर्मयोगी अभियान में विलेज विजन कार्य योजना का वाचन और अनुमोदन जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶बालोद

केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के 186 ग्रामों में अलग–अलग तिथियों में आयोजित किए जा रहे विशेष ग्रामसभा के दौरान विलेज विजन कार्य योजना का वाचन एवं अनुमोदन का कार्य निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम बकलीटोला, रजही, मलकुंवर में विशेष ग्राम सभा आयोजन किया गया। इस दौरान आदिवासी समाज के लोगों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण तथा आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत चयनित वांलिंटियर एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों की उपस्थिति में गांव एवं गांव में निवासरत जनजातीय परिवार के लोगों के मांगों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप विलेज विजन कार्य योजना का वाचन एवं अनुमोदन का कार्य किया गया।

उल्लेखनीय है कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी विकासखण्डों के चयनित ग्रामों में आदि सेवा पर्व का आयोजन कर जन–जागरण रैली, ट्रांसेक्ट वॉक, केंद्रित सामुहिक चर्चा और गाँव का नजरी नक्शा बनाने की गतिविधियों के माध्यम से विलेज वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं जनजातीय परिवार के लोगों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

## जंजगिरी रोड पर अज्ञात वाहन ने 9 मवेशियों को कुचला, मौके पर ही मौत

**भिलाई।** कुम्हारी थाना अंतर्गत जंजगिरी मोड़ पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 9 मवेशियों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले को लेकर पुनेश साहू ने थाने में शिकायत की थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि पुनेश जंजगिरी के रहने वाला है। सिविल ठेकेदारी का काम है। सुबह करीब 6 बजे रोज की तरह टहलने उरला मोड़ की ओर गया था। वापस आते समय एनएच 53 रायपुर से दुर्ग रोड राजू ढाबा के आगे रेलवे नर्सरी के पास जंजगिरी रोड में 9 मवेशी एक्सींडेंट से मृत्यु होकर पड़े हुए थे। उसने यह भी जानकारी दी कि वाहन सीजी 04 क्यूई 8988 के चालक ने मवेशियो को एक्सीडेंट किया है। हादसे के बाद उन्होंने घटना की जानकारी सबसे पहले पार्षद लोकेश साहू और राजू साहू को दी। बहरहाल पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

## विश्राम गृह के पास मवेशियों से टकराई बाइक, पीछे बैठे युवक की मौत, केस दर्ज

**भिलाई।** नंदिनी थाना अंतर्गत विश्राम गृह अहिवारा में सड़क पर बैठे मवेशियों से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक के पीछे बैठे मंगलू राम पिता फगुवा राम उम्र 39 साल निवासी बागडूमर की मौत हो गई। बाइक उसका साथी राम अवतार यादव चला रहा था। पुलिस ने बताया कि मंगलू राम 18 सितंबर को ग्राम बागडूमर निवासी अपने दोस्त रामअवतार यादव के साथ बाइक सीजी 07 सीके 3466 में पीछे बैठकर अहिवारा की तरफ जा रहा था। रात करीब साढ़े 8 बजे घटना स्थल पर मवेशी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। रामअवतार यादव व मृतक मंगलू राम को गंभीर चोट आई। शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी में उन्हें भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मंगलू राम की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

## महीनों जारी नहीं हो रहा मानदेय, विरोध में उतरी महिलाएं, रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग




दुर्ग में बारिश के बीच सक्रिय महिलाओं का एक दिवसीय धरना संपन्न हुआ। धरने के बाद बारिश में भीगते हुए कलेक्टर ऑफिस तक रैली निकाली गई। मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, मुख्य सचिव, पंचायत सचिव, बिहान संचालक को कलेक्टर के माध्यम ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद जनपद अध्यक्ष तुलेश्वरी साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे से मिलकर अपनी समस्याएं रखी गई एवं चर्चा के पश्चात ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मानदेय बढ़ाने, न्यूनतम वेतन अधिनियम लागू करने, कई वर्षों से कार्यरत सक्रिय महिलाओं को जबरदस्ती कार्य से हटाने पर रोक लगाने, लखपति दीदी का ऑनलाइन कार्य का पैसा जल्द जारी करने, सभी कैडरों को मोबाइल में नेट खर्च, दैनिक भत्ता व यात्रा भत्ता दिए जाने, मानदेय प्रतिमाह देने, नियमितिकरण किए जाने की मांग की गई।

- एनआरएलएम से जुड़ी महिलाओं ने निकाली रैली

प्रांताध्यक्ष पदमा पाटिल ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि कई वर्षों से कार्यरत सक्रिय महिलाओं को जबरदस्ती कार्य से हटाया जा रहा है। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में सक्रिय महिलाओं को 6 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाता है, जिसमें केंद्र व राज्य से तीन तीन हजार दिया जाता है। तो फिर छत्तीसगढ़ में क्यों नहीं दिया जाता है। प्रांतीय सलाहकार विश्वजीत हारोडे ने कहा कि शासन सक्रिय महिलाओं का शोषण कर रही है। सरकार एक तरफ नारी शक्ति की बात करती है लेकिन दूसरी ओर इतने कम मानदेय में काम कराया जाता है कि उससे अधिक शासन के कार्य में खर्च हो जाता है। सुरेखा बंजारे ने कहा कि हमारे निजी मोबाइल में ऑनलाइन काम कराया जाता है। 1910 मानदेय में हम 15000रु के मोबाइल में 350 रुपए का नेट चार्ज खर्च कर कैसे काम करें। सबरजीत सिंह ने कहा कि लगातार ट्रेनिंग मीटिंग आदि के लिए कई बार जनपद या क्लस्टर आना जाना पड़ता है जिसका कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाता। जेवरा की हेमकुमारी डहरिया ने लखपति दीदी का ऑफलाइन व ऑनलाइन कार्य की प्रोत्साहन राशि शासन के द्वारा निर्धारित होने के बावजूद अधिकतर जिलों में सक्रिय महिलाओं को नहीं दी गई है।

## सेल ने स्वदेशी स्टील से आईएनएस आन्द्रोत को दी मजबूती, समुद्री आत्मनिर्भरता को मिली नई शक्ति



**भिलाई।** सेल ने आईएनएस आन्द्रोत के लिए विशेष ग्रेड स्टील की पूरी ज़रूरत की आपूर्ति की है। इसे आज भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। यह भारत की नौसेना के आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। आईएनएस आन्द्रोत, एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट ( एएसडब्ल्यू- एसडब्ल्यूसी ) श्रृंखला का दूसरा युद्धपोत है। इस श्रृंखला का पहला शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अर्नाला था, जिसे 18 जून 2025 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।सेल ने उल्लेखनीय योगदान देते हुए, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आठ एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट युद्धपोतों - जिसमें आईएनएस अर्नाला और आईएनएस आन्द्रोत शामिल हैं - के लिए आवश्यक सम्पूर्ण विशेष ग्रेड स्टील, जिसमें एचआर शीट्स और प्लेट्स शामिल हैं, की आपूर्ति की है। इस विशेष ग्रेड इस्पात की आपूर्ति सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला इस्पात संयंत्रों से की गई है।

## पेज 11 के शेष

### महिला कोटवार की संदिग्ध ...

दिन तक दिखाई न देने पर 6 अक्टूबर को दिन में करीब 11.55 बजे उनकी मां सूलोचना बाई साहू ने कोटवारिन के घर जाकर देखा। घर के मुख्य दरवाजे पर बाहर से ताला लटका हुआ था और अंदर से तेज बदबू आ रही थी। गंगाराम साहू ने गांव के अन्य लोगों भास्कर साहू और रामकुमार साहू के साथ मिलकर घर पर जाकर देखा। मुख्य दरवाजे पर बाहर से लगी सिटकिनी में लटका ताला छूते ही नीचे गिर गया।

### धारदार हथियार से ...

रिपोर्ट के आधार पर देवरी थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 103, 332 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब हत्यारे और हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाने में जुटी हुई है।

### माता कौशल्या की ...

सहित जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, देवलाल ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, नगर पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष लाल निमेंद्र सिंह टेकाम, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद राकेश यादव एवं यज्ञदत्त शर्मा, केसी पवार एवं अन्य जनप्रतिनिधीगण उपस्थित थे।

### संगवारी गुरुजियों ...

है और न ही ये जहां जहां पदस्थ है, वहां के संस्थाप्रमुख कुछ बता पा रहे हैं। ऐसे में शालेय शिक्षक संघ ने मांग की है, जल्द से जल्द इन्हें मानदेय प्रदान किया जाये।

### किसान संघ का ...

मुख्यमंत्री निवास घेराव करने के लिए प्रदेश के 152 तहसीलों में ज्ञापन सौंपा है, जिस पर सरकार ने कोई सकारात्मक पहल नहीं की है, जिसके कारण भारतीय किसान संघ ने 13 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास घेराव करने का फैसला किया है।

### सुने मकान में चोरी, ...

तोला, एक जोड़ी चांदी पायल वजनी करीबन 10 तोला व नगदी रकम 20 हजार नही था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अपराध दर्ज किया है।

### ग्रामसभाओं में ...

फसल सर्वेक्षण संभव हुआ है। इस पहल का उद्देश्य त्रुटिरहित फसल गिरदावरी सुनिश्चित करते हुए किसानों के फसलों की सटीक और तकनीकी जानकारी एकत्रित करना है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सके। डिजिटल फसल सर्वेक्षण में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज की गई है। जिससे किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञों की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में एग्री स्टैक पोर्टल से मदद मिलेगी। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गार्डन में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पाटन।** पाटन नगर पंचायत के राजीव गार्डन में रविवार को एक युवक ने स्ट्रीट लाइट में फांसी फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह मार्निंग वॉक करने वालों ने युवक को लटके देखकर गार्डन के चौकीदार को सूचना दी उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार पवन ढीमर (उम्र लगभग 20 वर्ष) ने राजीव गार्डन स्थित पोल में रस्सी डालकर फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 11 पुलिस अधिकारियों का तबादला, दो टीआई लाइन अटैच

**दुर्ग।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने 6 टीआई, दो एसआई और तीन एएसआई सहित 11 पुलिस अधिकारियों का तबादला अलग अलग अलग थानों में किया है। एसएसपी ने जहां दो टीआई को लाइन अटैच किया है तो वहीं तीन को रक्षित केंद्र से लाकर नए थाने की जिम्मेदारी दी है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने यह आदेश 4 अक्टूबर को जारी किया, जो कि 5 अक्टूबर की देर रात ऑफिसियल पुलिस वाट्सअप ग्रुप में डाला गया। जारी आदेश के मुताबिक पुलिस लाइन में अटैच थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा को भिलाई नगर और रामेंद्र कुमार सिंह को जामुल और बसंत कुमार बघेल को अमलेश्वर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा भिलाई नगर थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा को भिलाई नगर से हटाकर वैशाली नगर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। जामुल थाना प्रभारी राजेश मिश्रा और पुलगांव थाना प्रभारी प्रकाशकांत को लाइन अटैच किया गया है। इसके साथ ही वैशाली नगर थाने के प्रभारी एसआई अमित अंदानी को पुलगांव जैसे बड़े थाने की जिम्मेदारी दी गई है। पुलगांव में पदस्थ एसआई खेलन साहू को अंजोरा चौकी प्रभारी बनाया गया है। वहीं एएसआई राजकुमार देशमुख को पुलगांव थाने से नगपुरा चौकी भेजा गया है।

### भाजपा नेता का बेटा खिलवा रहा था क्रिकेट सट्टा, गिरफ्तार

**भिलाई।** भाजपा नेता नागेंद्र सिंह के बेटे अभिजीत सिंह को वैशाली नगर पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलवाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मामले में अभिजीत फरार था। उसने सोमवार को दुर्ग न्यायालय में खुद को सरेंडर किया, वहां से उसे पुलिस रिमांड में लिया गया है। एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने बताया कि एसीसीयू और वैशाली नगर पुलिस ने 28-29 सितंबर की रात वैशाली नगर में यूको बैंक के पीछे रहने वाले गजेंद्र साहू को ऑनलाइन सट्टा खिलवाने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

## निधन

### डुमन लाल गंजीर

**गुरूर।** ग्राम धनोरा निवासी डुमन लाल गंजीर का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे हेमीन बाई गंजीर के पति, विजय कुमार के पिता, रूपराम गंजीर व समय लाल के बड़े भैया थे।

## मौसम साफ होते ही ठंड का असर शुरू





**लाटाबोड़।** बारिश के थमते व शरद पूर्णिमा मनाने के बाद आखिरकार मौसम के साफ होते ही मंगलवार को क्षेत्र में हलकी ठंड का असर दिखना शुरू हो गया। दो दिन से इलाके में अल सुबह कोहरे का असर बन रहा है, जिसके कारण मौसम खुशनुमा बन रहा है। मौसम साफ होने से अब ठंडकता बढ़ने से दिनचर्या भी प्रभावित होने लगी है। बारिश के दौरान बनी दिक्कतों से भी अब लोगों को छुटकारा मिला है। बारिश के बाद इलाकें में दो दिनों से अलसुबह घना कोहरा छाने से लोगों को हलकी ठण्ड का एहसास हुआ। दो दिन सुबह से छा रहे कोहरे के कारण सुबह के कार्य प्रभावित होते रहे। तो दूसरी ओर ठंडकता बढ़ने से अब सड़कों के साथ आसपास ओस में बढ़ोत्तरी होगी। सुबह से बाहर निकलने वालों को ओस का गहरा असर दिख रहा है। ठंडकता बढ़ने और मौसम खुलने से अब मार्निंग वाक करने वाली की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है।

## सौगात : प्रोटोकॉल पालन किए बिना उद्घाटन का कांग्रेस ने किया विरोध

# सांसद विजय बघेल ने किया नवीन विश्राम गृह का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



लोकनिर्माण विभाग का नवीन विश्राम गृह जामगांव आर (भंसुली) का लोकार्पण दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के हाथों मंगलवार को हुआ। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने की। प्रोटोकॉल पालन किए बिना उद्घाटन का विरोध करने कांग्रेस के नेता आए और सासंद विजय बघेल के पहुंचने के पहले वापस चले गए। ऐसी स्थिति को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई थी। सांसद विजय बघेल ने सभा लेकर लोकार्पण किए। इसके साथ आलीशान रेस्ट हाउस के भरपूर उपयोग का रास्ता खुल गया। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू और राजेश चंद्राकर का जन्म दिवस केक काटकर सांसद विजय बघेल ने मनाया।

इसके पूर्व बेलहारी में शासन के विभिन्न मदों से निर्मित, स्वीकृत नवनिर्मित शीतला मंदिर ज्योति कक्ष निर्माण, वार्ड 2 में गली सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण, वार्ड 7 शक्ति मंदिर में शेड निर्माण का उद्घाटन एवं रामायण मंच में डोम शेड निर्माण 12 लाख, अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य 6 लाख, सेन समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, परिक्षेत्रीय साहू भवन में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य पक्की नाली निर्माण संतोष यादव घर से साहू भवन तक का शिलान्यास हुआ। समारोह में जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, सभापति जिला पंचायत दुर्ग नीलम राजेश चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन कीर्ति नायक, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन कमलेश वर्मा, मंत्री प्रदेश भाजपा जितेंद्र वर्मा, जिला महामंत्री दिलीप साहू, जिला उपाध्यक्ष हर्षा



चंद्राकर, जिला मंत्री जनपद पंचायत सदस्य शैलेंद्री मंडावी, रामकुमार चंद्राकर मंचासिन रहे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा के शासन में भाजपा का मंच जिसमें कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री को आने से परहेज होता है याद कर ले जामगांव आर कालेज भवन के उद्घाटन में तत्कालिक मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह आए थे और जामगांव एमके हर्बल कार्यक्रम में विष्णुदेव साय आए थे, तब ये आमंत्रण पर भी नहीं आए और हैरानी की बात है। अपने 5 साल के कार्यकाल में प्रोटोकॉल का धज्जियां उड़ाने वाले कांग्रेसी प्रोटोकॉल का रोना रोने नौटंकी करने चले आए। बघेल ने कहा कि कर्म का फल तो हर किसी को मिलता है, इनको भी मिल रहा है तो क्यों हैरान परेशान हो रहे हैं। भाजपा हमेशा राजनीति से ऊपर उठकर विकास की हिमायती है जिसका उदाहरण बेलहारी में कांग्रेस का सरपंच है और लोकार्पण भूमिपूजन मेरे हाथों हुआ। अहंकार त्यागे कांग्रेसी भाजपा जैसे सरल रहना सीखे तो मान सम्मान मिलेगा, वरना जीवन भर मान सम्मान तलाशते रह जाओगे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्पित नेतृत्व में भारत माता की सेवा कर रही है। भारत माता की सेवा देख किसी को अपनी अस्तित्व का खतरा दिख रहा हो तो उनका इलाज जनता जनार्दन भरपूर कर रही है।

मौका सबको मिला सेवा की जगह लोग मेवा खाने में ज्यादा मस्त हो गए। ये भूल गए पब्लिक है सब जानती है। समझदार जनता ने इन्हें दरकिनार कर भाजपा को आशीर्वाद प्रदानकर सत्तासीन किया और साबित कर दिखाया कि छल कपट प्रपंच नहीं चलेगा। सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक, मंडल महामंत्री निर्मल जैन, पूर्णेंद्र सिन्हा, शासकीय कालेज जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला, सोसायटी अध्यक्ष नारद साहू, भगवान सिंह चंद्राकर, बेनीराम साहू, डॉ. राजेश बंछोर, सेजस अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, मंडल कार्यालय मंत्री मेघनाथ सागरवंशी, भानुप्रिया साहू, बूथ अध्यक्ष भाजपा भनसुली आर दीपक साहू उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण प्राप्त 11 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित



**डौंडीलोहारा।** शासकीय आईटीआई में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जल वितरण संचालक जॉबरोल में 11 हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था, जिसका मूल्यांकन 17 सितंबर को हुआ। मूल्यांकन में उत्तीर्ण सभी 11 हितग्राहियों को 7 अक्टूबर को प्राचार्य आर कुर्रे द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रशिक्षण हेतु स्पॉन्सर विभाग जिला कौशल विकास प्राधिकरण बालोद द्वारा हितग्राहियों की सूची प्रदान की गई थी, जिनको 330 घंटे की कोर स्किल का प्रशिक्षण संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी वासुदेव देवांगन द्वारा एवं 48 घंटे का सॉफ्ट कोर स्किल का प्रशिक्षण संस्था के ही प्रशिक्षण अधिकारी अंकित रात्रे द्वारा दिया गया। इन हितग्राहियों में डोमेंद्र, कृष्ण कुमार, ओमप्रकाश, गीतेश कुमार, डोमेन्द्र, जनक लाल, गौतम कुमार, रूपेश कुमार, ओमप्रकाश, रूपेश कुमार ठाकुर एवं शंकर लाल सम्मिलित थे। जुलाई में आयोजित जिला स्तरीय स्किल प्रतियोगिता में झूमक लाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जिन्हें कलेक्टर द्वारा पुरस्कृत किया गया था। आज के प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में प्राचार्य आरके कुर्रे ने सभी हितग्राहियों को प्लंबिंग कार्यों में उपयोग आने वाले नए-नए तकनीकों का उपयोग करते रहने तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन पूषा लाल साहू ने किया।

## हायर सेकंडरी स्कूल टटेंगा का सामाजिक अंकेक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



छत्तीसगढ़ राज्य की शिक्षा गुणवत्ता को परखने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत समुदाय की भागीदारी, शिक्षा की गुणवत्ता, उपलब्ध संसाधनों की उपयोगिता परखने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 के तहत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य हुआ। इससे शिक्षक, विद्यार्थी और समुदाय के बीच अच्छा सामंजस्य और सुधार करने के उपाय मिलते हैं। इस कार्य में टीम लीडर के रूप में जेवरतला के व्याख्याता बीएन एस धनगुन, शिक्षाविद के रूप में सेवानिवृत्त व्याख्याता आरडी देवांगन, सरपंच दीप्ति साहू, विधायक प्रतिनिधि पुरुषोत्तम उर्वशा, एसएमडीसी व पालक सदस्य के रूप में महेश्वरी उर्वशा, अश्वनी सुधाकर, डिगेश्वर साहू, रिखी राम साहू, पुरुषोत्तम वासनिक एवं विद्यालय परिवार से प्राचार्य आर के देवांगन, संकुल समन्वयक लीलेंद्र देवांगन व सहयोगी के रूप में व्याख्याता अजय पाठक उपस्थित थे। इस कार्य में टीम के द्वारा पालक, बालक और शिक्षको से परीक्षा फल, क्रीड़ा, योग, कला उत्सव, वृक्षारोपण, यूथ एंड इको क्लब, आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, आत्म सुरक्षा, पुस्तकालय, अटल लैब, डिजिटल व स्मार्ट क्लास, कैरियर काउंसलिंग, परीक्षा की तैयारी, उपचारात्मक शिक्षण, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, प्रयोगशाला के उपयोग से संबंधित चर्चा की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, चंद्र प्रकाश सोनबोइर, अनुराधा खरे उपस्थित थे।

## फंड के अभाव में पंचायतों में विकास कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

जिले की ग्राम पंचायतों में सरकारी अनुदान और 15वें वित्त आयोग की राशि जारी न होने के कारण विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। फरवरी 2025 में हुए चुनाव के बाद से पंचायतों को एक भी किस्त जारी नहीं हुई है, जिससे गांवों में मूलभूत सुविधाओं के लिए भी फंड का अभाव बना हुआ है।

ग्राम पंचायत खपरी के सरपंच टकेश्वर कुंजाम ने बताया कि सरपंच संघ लगातार फंड जारी कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के चक्कर काट रहा है, लेकिन शासन स्तर से ही राशि नहीं मिल रही है। टेकापार के सरपंच खेमेश्वरी साहू के अनुसार, कई पंचायतों में क्रेडिट पर काम करा लिए गए हैं, जैसे कि बरसात में कीचड़ से निजात दिलाने के लिए मिट्टी डालना और स्ट्रीट लाइटें लगाना।

नए नवनिर्वाचित सरपंचों ने उत्साह में आकर ग्रामीणों की जरूरतें पूरी करने के लिए मूलभूत सुविधाएं तो उपलब्ध करा दी हैं, लेकिन फंड न होने के कारण अब दुकानदारों का भुगतान रुका हुआ है। यह समस्या जिले की अधिकांश ग्राम पंचायतों में बनी हुई है। इसके अलावा विधायक निधि, सांसद निधि और शासन द्वारा विशेष रूप से स्वीकृत होने वाले अतिरिक्त शाला भवन, कम्युनिटी हॉल, सीसी रोड, नाली निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी फंड उपलब्ध न होने या कार्य की स्वीकृति (सैक्शन) न मिलने के कारण रुके हुए हैं।

बरसात के मौसम में गलियों में कीचड़ और घरों का गंदा पानी सड़कों पर बहने की समस्या से निपटने के लिए व्यवस्थित नाली और सीसी रोड निर्माण की मांग भी पूरी नहीं हो पा रही है। फंड और कार्य की स्वीकृति न मिलने से सरपंच खाली बैठे हुए हैं।

## मुमुक्षु मेघा डोसी का भव्य अभिनंदन आज



**डौंडीलोहारा।** नगर में आज 8 अक्टूबर को जैन समाज द्वारा भव्य अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह अवसर नगर की लाडली बेटी एवं मुमुक्षु बहन मेघा डोसी के सम्मान में रखा गया है, जिन्होंने जीवन में संयम मार्ग का चयन किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे भव्य वरघोडा यात्रा से होगा। इसमें मुमुक्षु बहन विशेष सजे-धजे बग्घी पर विराजमान होकर नगरवासियों का अभिवादन स्वीकार करेंगी।

यह शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेगी। यात्रा के दौरान समाजिकजन महावीर स्वामी की जयकारे के उद्घोष करते हुए भक्ति माहौल का संचार करेंगे। इस अवसर पर मुमुक्षु बहन मार्ग में उपस्थित जनसमूह से जाने-अनजाने हुई भूलों की क्षमा याचना भी करेंगी, जो जैन परंपरा की विशेषता है। इसके उपरांत प्रातः 10.30 बजे से नगर के एपीएस प्रांगण में भव्य अभिनन्दन समारोह होगा। इस दौरान संघ-समाज एवं नगरवासी मिलकर बहन मेघा डोसी एवं उनके पारिवारिक जनों का शाल-श्रीफल व सम्मान पत्र के साथ अभिनन्दन करेंगे। समारोह में मुमुक्षु बहन का विशेष उद्बोधन भी होगा, जिसमें वे संयम जीवन की प्रेरणादायी बातें साझा करेंगी। सांयकालीन समय में आध्यात्मिक वातावरण को और भी पावन बनाने हेतु रात्रि 8 बजे से नगर के उपाश्रय प्रांगण के सामने भक्ति संगीत संध्या का आयोजन रखा गया है।

इसमें रायपुर से पधारे सुप्रसिद्ध गायक राहुल झाबक एवं मंडली अपने सुमधुर भजनों से श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। यह अभिनन्दन समारोह नगर के जैन समाज ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का अवसर होगा, जिसमें धर्म, संस्कृति और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

## आरएसएस ने मनाया विजय दशमी उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मंडल पलारी खंड गुरुर में संघ शताब्दी विजय दशमी उत्सव मनाया गया। इसमें मुख्य वक्ता प्रांत सह सेवा प्रमुख छग मोहन लाल साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पेंशनर समाज जीके साहू ने किया।

विशेष अतिथि खंड कार्यवाह गुरुर सुपेश साहू, सह खंड कार्यवाह जिला प्रचारक जिला बालोद लिकेश्वर साहू, खंड प्रचार प्रमुख एकनाथ सार्वा, सह प्रचार प्रमुख फलेंद्र सिन्हा, लखन लाल गुरुपंच, चंपेश गुरुपंच, त्रिभुवन सोनबर, हिमांशु वैका, राजमणि साहू, संतोष गंगबेर, नवीन चांडक, गौरव किशोर, डिगेश्वर साहू, नीरज सिंहा, मंडल के स्वयं सेवक बंधु गण एवं समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इसमें प्रांत सह सेवा प्रमुख छग मोहन लाल साहू ने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन के साथ धर्म जागरण एवं संघ के 100 वर्षों के संघर्षों व निरंतर राष्ट्र जागरण राष्ट्र भक्ति सामाजिक समरसता जैसे कार्यों की विषयों पर स्वयंसेवक बंधुओं को संबोधित किए। इस कार्यक्रम में 121 की संख्य में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

## गाली गलौज करने पर बेटे ने की पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने अपने पिता की हत्या करने वाले आरोपी बेटे गजेंद्र साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। दोनों के बीच गाली गलौज को लेकर झगड़ा हुआ। बेटे ने पिता को बुरी तरह पीटा। गंभीर रूप से घायल हो जाने पर पिता होरीलाल साहू को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने गजेंद्र को गिरफ्तार किया और न्यायिक हिरासत में भेजा है। हत्या का मामला कुम्हारी थाना अंतर्गत ग्राम अकोला का है। बीते 4 अक्टूबर की रात 8.30 बजे अकोला निवासी होरीलाल साहू रोज की तरह शराब के नशे में घर पहुंचा और गाली गलौज कर झगड़ा करने लगा। इस पर उसके बेटे गजेन्द्र साहू ने अपने पिता को शराब पीकर गाली गलौज कर झगड़ा करने से मना किया। इससे दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर गुस्से में आकर गजेंद्र ने अपने पिता को हाथ मुक्का से मार दिया। इससे होरीलाल जमीन पर गिरा और सिर जमीन पर टकराने से फट गया और माथे में चोट आई।

## जय बजरंग अखाड़ा समिति ने की हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



गुण्डरदेही क्षेत्र के ग्राम बोदल में जय बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा गौठान में हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए। विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुईं।

उन्होंने आयोजक शत्रुहन यादव सहित बजरंग अखाड़ा समिति के इस नेक कार्य के लिए हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिमा की स्थापना से भक्तों को भगवान के साथ गहरा संबंध स्थापित करने में सहायता मिलती है, क्योंकि प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति में भगवान का वास होता है। हनुमान जी की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद, ऐसी मान्यता है कि उसमें भगवान का प्रत्यक्ष वास होता है, जिससे भक्तों का भगवान के साथ जुड़ाव और मजबूत होता है। जहां भी प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति होती है, वहां का वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है एवं भक्तो को सत प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में भाग लेकर भक्तों ने धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर माहौल श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण रहा। इस दौरान कार्यक्रम में उपसरपंच देवेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज रोहित साहू, पूर्व उपसरपंच तुवन साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रामायण यादव, मुकेश्वरी साहू एवं जय बजरंग अखाड़ा समिति के सदस्य व ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411